तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

8 जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन तथा अंतर्राष्ट्रीय ...



10 मतदाता सूची पुनरीक्षण तिथियों पर बीएलओ...



## खबर संक्षेप

### खेलकूद के साथ रोसेयो शिविर का हुआ समापन

**कांकेर।** शाउमावि विद्यालय इच्छापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम आमाझोला में लगाया गया था। शिविर का समापन ग्रामीण एवं स्वयं सेवकों के विविध स्पर्धाओं के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर संचालक एवं कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि योगाभ्यास के माध्यम से समस्त ग्रामीणों को आकृष्ट किया एवं उन्हें भी योग करने के लिए कहा गया है। स्वयं सेवकों के द्वारा मां शीतला माता मंदिर के सामने चबूतरे का निर्माण, घोटुल भवन के आसपास कूड़ा करकट को साफ कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आसाराम नेताम, प्रतिमा तेता, नरोत्तम पड़ोटी, राजेश भास्कर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने आर्थिक सहायता दी

**कांकेर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने राजापारा निवासी ममता वासनिक को आर्थिक सहायता राशि के द्वारा दिया गया। ममता वासनिक के द्वारा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष रेडक्रॉस को प्रस्तुत आवेदन अनुसार उनके पति हरीश वासनिक को लंबे समय से खांसी और सीने में दर्द कि शिकायत थी। पहले क्रिश्चन हॉस्पिटल धमतरी में ईलाज चल रहा था, उसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल मेकाहारा में बेहतर ईलाज के लिए भर्ती किया गया था, जिस पर संवेदना दिखाते पंद्रह हजार की सहायता राशि दिया गया। ममता वासनिक के पुत्र का पूर्व में ही निधन हुआ है, अकेली महिला के लिए ईलाज करवाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के समक्ष आर्थिक मदद के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें ममता वासनिक को आर्थिक सहायता राशि मिली।

### कुएं में डूबने से युवती की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मंगहूर निवासी 25 वर्षीय जयमो सलाम पिता सिंगाराम सलाम का 11 जनवरी को दोपहर 2 बजें पानी में डूबने से मौत हो गया। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी खेत लाड़ी में बने कुआ में पानी लेने के लिए गई थी। पानी निकालते समय पैर फिसलने से अचानक कुंआ में गिर गई। कुंआ गहरा होने से पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कामय कर विवेचना में लिया है।

### हल्बा बाजार में सब्जी विक्रेता का पैसा से भरे बैग की चोरी

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत हल्बा के साप्ताहिक में सब्जि बेचने के लिए धमतरी जिला से आएं व्यापारी के बैग से अज्ञात चोर ने 40 हजार रूपएं नगद व एक मोबाईल को चोरी कर लिया। व्यापारी सब्जियों का थोक व चिल्हर विक्रेता है। दिनभर सब्जि बेचने के बाद बिक्री के रकम को अपने बैग में रखा। तभी शाम करीबन 5 बजें अज्ञात चोर ने उसे चोरी कर लिया। धमतरी जिला के अरौद निवासी 40 वर्षीय शशि कुमार साहू पिता जगमोहन साहू ने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी को गांव से टमाटर, गोभी, मटर, धनिया, भांटा, अदरक, मिर्च व अन्य सब्जियों को लेकर धमतरी के लाला सोनउर के वाहन में लाकर नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा चौकी के हल्बा बाजार में 20 हजार रूपएं का थोक में सब्जी बिक्री किया एवं चिल्हर में 20 हजार रूपएं का सब्जि बिक्री किया था। करीबन शाम 5 बजे मैं सब्जी बिक्री कर रहा था। बैग में रखा 40 हजार रूपएं एवं एक नग मोबाईल कीमती 5 हजार रूपएं को सब्जी बिक्री के दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 279 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

विवेचना : पुलिस ने मीडिया के सामने आरोपियों को किया पेश तो मचा हंगामा

# हत्या के आरोपियों का खुलासा होते ही थाने के बाहर भीड़ ने कहा- फांसी दो!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- हत्या में कांग्रेसियों के नाम आ जाने से पखांजूरवासियों का बढ़ा आक्रोश
- कुसुमपाल हत्याकांड की जांच फिर से करने की मांग

पुलिस उपमहानिरीक्षक बालाजी राव, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, एएसपी प्रशांत शुक्ला, एएसपी अविनाश ठाकुर, एएसपी खोमन सिन्हा एवं अन्य पुलिस अधिकारी मीडिया से असीम हत्याकांड का खुलासा कर रही थी, तभी 11 आरोपियों को पेश किया जिसमें 6 आरोपियों को चेहरा काले कपड़े से ढका था वही 5 आरोपियों का चेहरा खुला था। आरोपियों को देख थाने के बाहर रोड पर खड़ी पखांजुर की जनता आक्रोश में आकर चिल्ला रही थी कि हत्यारों को फाँसी दो, फाँसी दो। हत्या में कांग्रेसियों के नाम आ जाने से पखांजुर की जनता में आक्रोश ज्यादा देखने को मिला।

भाजपा नेता की हत्या 8 जनवरी को हुई थी, उसी दिन से पखांजुर के अधिकतम लोगों का यहीं कहना था कि इस हत्या में नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद का हाथ है। उसी रात को आक्रोशित पखांजुर की जनता ने दोनो के घर और प्रतिष्ठान पर तोड़फोड़ किया था। पुलिस को भी पता था कि आमजनता में इनके प्रति आक्रोश बहुत है और जनता इनके खिलाफ कुछ भी कर सकती है। पुलिस ने एहतियात कदम बरतते हुए बहुत ही सावधानी दिखाते हुए उस क्षेत्र के सैकड़ो डीवीआर को ▶▶|शेष पेज 8 पर



### यूपी की तरह बुलडोजर चलाने की मांग

पखांजुरवासियों का कहना है कि अपराध में लिप्त कई लोगो ने पखांजुर में अवैध कब्जा करके बिल्डिंग खड़ी करके दादागिरी करते रहते है। इन सभी पर यूपी के योगी की तरह यहाँ भी बुलडोजर चलाने की जरूरत है। पखांजुर ईलाके में कई लोगों ने षडयंत्र रचकर जमीने हडप लिया है, उनकी सभी की जाँच होनी चाहिए और पखांजुर में बढ़ रहे अपराध पर लगाम कसना चाहिए। इस घटना के बाद सरकार ने कड़ाई से कार्यवाहीं नहीं किया तो आने वाले समय में इस प्रकार की राजनैतिक हत्याएं होती रहेंगी और भाजपा का झंडा उठाने के लिए लोग सामने नहीं आएंगे।

### कुसुमपाल हत्याकांड की जाँच की किया माँग

पखांजुर क्षेत्र के कई समाज के लोगों ने पखांजुर पहुँचे ग्रहमंत्री से 2007 में भाजपा नेता कुसुम पाल की हत्या की फिर से जाँच की माँग किया है। परिजनों व पखांजुरवासियों ने कहा कि इस हत्या की जाँच सही ढंग से कर दिया जाएं तो कई कांग्रेस नेता के नाम सामने आ सकते है। उस दौरान पुलिस ने कुसुम पाल की हत्या को गंभीरता से जांच नहीं किया, जिसके चलते आज तक उनके आरोपियों का पता नहीं चल सका।

### पखांजूर क्षेत्र बना अपराधगढ़

पखांजुरवासियों का कहना था कि इसमें गोली मारने वाला विकास तालुकदार 2006 में राजनांदगांव व्यापारी से पैसा लूटने के नाम पर गोंडाहुर में गोली मारी थी, उस समय ही आरोपी पर कड़ी कार्यवाही हो जाती तो, आज यह घटना नहीं घटती। पखांजुर और बांदे ईलाक में कई शूटर है, पुलिस उनकी जाँच करके उन पर ऐसी कड़ी कार्यवाही किया जाएं, जिससे इस क्षेत्र को जिस ढंग से अपराधगढ़ बना रखा है, उससे निजात मिल सके।

---

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी वार्डों में महिलाओं ने निकाली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के सभी वार्डो में लगातार सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकल रही है और शाम को महिलाएं भजन करते हुए लोगों के घर पहुँचकर आमंत्रण दिया जा रहा है। प्रभात फेरी प्रतिदिन कहीं पर सुबह 5 बजे, 6 बजे व 7 बजे निकल रही है। रैली में शामिल महिलाएं प्रमुख रुप से घरों में दीपक जलाने, रंगोली, मंदिरों को आकर्षक बनाने, भजन कीर्तन प्रसाद वितरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कांकेर शहर के देव भूमि राजापारा महिला भक्ति समूह की महिलाएं राजापारा निवासी उमा चौरसिया, निधि चौरसिया, दिशा चौरसिया, सुनीता चौरसिया, बिंदु दुबे, रीमा चौरसिया, सुनीता तंबोली, भुनेश्वरी बिसेन, शारदा साहू, सुकरो नेताम , सरिता यादव, उमा यादव, ऋतिक प्रभात फेरी करते हुए ऊपर नीचे रोड के शिव मंदिर के पास 12 जनवरी को सुबह साढ़े पांच बजे पहुँची, उन्होने बताया कि प्रभात फेरी का आज पाँचवा दिन है। देवभूमि ▶▶|शेष पेज 8 पर

### अक्षत व निमंत्रण पत्रिकाएं बांटीं

श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का वितरण कई दिनों से कांकेर शहर के सभी वार्डो में जारी रहा। स्वयंसेवकों की ओर से प्रभात फेरी निकलकर शहर के सभी वार्डो राजापारा, मांझापारा, माहुरबंदपारा, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड, उदय नगर व अन्य वार्डो में पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्रिका बांटे जा रहे है।

---

# रामकथा की तैयारियों को लेकर बाबा रामदेव मंदिर में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में 5 से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली रामकथा की तैयारियों को लेकर बैठक बाबा रामदेव मंदिर सभाकक्षा में हुई। बैठक में आयोजन से जुड़े महिला तथा पुरूष श्रद्धालु उपस्थित हुए एवं बैठक में निर्णय लिया गया की रामकथा का शुभारंभ 5 फरवरी को भव्य कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा से एक दिन पहले शहर में बाईक रैली भी निकालने का निर्णय लिया गया।

आयोजित बैठक में तय किया गया की प्रत्येक वार्ड में तथा आसपास के गांव में पांच-पांच महिला पुरूषों की समितियां बनाई जाएगी। यह समिति वार्ड तथा गांव में रामकथा की तैयारियों को लेकर बैठक करेगी तथा घर घर पहुंच आमंत्रण पत्र वितरण करेगी। महिला समिति पदाधिकारियों ने बताया कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर वे वार्ड स्तर पर बैठकें कर रहे हैं तथा अब तक जो रूझान आ रहा है उसके अनुसार कलश यात्रा में दो हजार से अधिक महिलाएं पहुंचेंगी। आयोजन समिति ने रामकथा को लेकर लोगों में उत्साह को देखते कलश यात्रा के लिए 3 हजार कलश बनाने आर्डर दिया है। बैठक में तय किया गया की आयोजन समिति से जुड़े सभी लोग दूसरे शहरों में रहने वाले अपने रिश्तेदारों तथा परिजनों को रामकथा में आने अभी से निमंत्रण भेज दें। रामकथा सुनाने संत अतुल कृष्ण भारद्वाज पहुंच रहे हैं, उनके साथ भजन कीर्तन करने वाला पुरा दल भी आ रहा है। रामकथा का आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में होगा। कथा समय रोजाना दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। इसके अलावा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में प्रस्तावित विभिन्न आयोजनों को लेकर भी चर्चा की गई।

---

# मीना बाजार कर्मियों की युवक ने पिटाई की, फोड़ा दिया सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कांकेर थानांतर्गत मेलाभाटा में मीना बाजार लगाए कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने आवेश में आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया व मीना बाजार में काम करने वाले लड़के के सिर में हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

कोण्डागांव के फारेस्ट कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय सद्ददाम हुसैन पिता मो. वसी हुसैन जो कि वर्तमान मे मेलाभाटा कांकेर में मीना बाजार का मैनेजर का काम करता है, पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को सुबह करीबन साढ़े 5 बजें मेरे मीना बाजार मे काम करने वाला विक्रम मुझे फोन कर बताया कि एक लड़का विजय बहादुर का सिर को मार दिया है, जिससे उसका सिर फट गया है।

मेलाभाटा ग्राउन्ड के पास जाकर देखा तो एक लड़का जो काम करने वालो के साथ गाली गलौज कर रहा था। उससे पुछा कि तुम्हारा नाम क्या है, तो बोला सुरंजीत मालाकार मेला ग्रांउड का रहने वाला हूं बताया। मेरे कर्मचारियो के साथ क्यो मारपीट कर रहे हो बोलने पर आरोपी ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

# थप्पड़ से की पिटाई व दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुल्हाड़कट्टा में आरोपी ने गांव के ही व्यक्ति के साथ पुरानी बात को लेकर उसके घर के सामने 11 जनवरी को सुबह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट किया, जिससे ग्रामीण को चोट आया है। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम कुल्हाड़कट्टा निवासी 48 वर्षीय दयाराम मंडावी पिता स्व. चमरू राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि बांस से टोकरी बनाने का काम करता हूं। 11 जनवरी को खाना खाकर अपने घर में सोया था, तभी सुबह लगभग 10 बजे आरोपी कोर्रामपारा कुल्हाड़कट्टा निवासी नरेन्द्र नेताम घर के सामने आकर गली में पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगा।

घर से बाहर गली में निकला तो नरेन्द्र नेताम ने मुझे सामने देखकर मेरे साथ गाली ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

# हसदेव बचाने आदिवासी हल्बा समाज ने राज्यपाल के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



- राष्ट्रीय युवा दिवस पर हसदेव अरण्य की सुरक्षा की मांग

दुर्गुकोंदल ब्लॉक के आदिवासी हल्बा समाज के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर हसदेव अरण्य के संरक्षण के लिए दुर्गुकोंदल तहसीलदार के द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हसदेव के जंगल को काटे जाने से आने वाली पीढ़ी को इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है और मानव हाथी संघर्ष से जनहानि की भी स्थिति निर्मित हो सकती है।

हसदेव अरण्य को बचाने के लिए प्रदेश सहित पूरे भारत में और विश्व समुदाय में प्राकृतिक प्रेमियों एवं पर्यावरण सरंक्षण प्रहरियों के द्वारा हसदेव के तहत अपनी भावनाओं को व्यक्त किया जा रहा है। प्रदेश का हर कोई नागरिक यही चाहता है कि हसेदव अभ्यारण को किसी भी हाल में बचाया जाए और कांकेर जिला के निवासी भी हसदेव अरण्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में सुविधाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- किसानों से चर्चा की और धान को अच्छी तरह साफ कर एवं सूखाकर लाने की दी समझाइश

जिले के धान उपार्जन केन्द्र कोरर, भानुप्रतापपुर, संबलपुर एवं दुर्गुकोंदल का आकस्मिक निरीक्षण कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया और समिति प्रभारियों को धान खरीदी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने धान बेचने के लिए पहुंचे किसानों के धान का अवलोकन किया और मौके पर धान को अपने समक्ष तौलाकर भी देखा। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, बारदाना, तराजू-बांट आदि का भी अवलोकन किया और धान की नमी की जांच की। धान बेचने आए किसानों से चर्चा की और उनसे अपील करते हुए कहा कि वे अपने धान को अच्छी तरह साफ कर एवं सूखाकर लाएं।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि किसानों से धान खरीदी के लिए गांववार तैयार किए गए रोस्टर का पालन करें। खरीदी केन्द्रों में ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

नए साल में अप्रैल तक थोक में चार दर्जन मुहूर्त

# खरमास 15 को खत्म और 16 से चार माह तक गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- सोने-चांदी की जमकर खरीदारी, बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री बढ़ी

एक माह के खरमास के बाद अब एक बार फिर से नए साल में 16 जनवरी से शहनाई गूंजेगी। जनवरी से अप्रैल तक थोक में करीब चार दर्जन शादियों के मुहूर्त हैं। इसके लिए पहले से ज्यादातर हॉटल और मैरिज हॉल पैक हो गए हैं। इस चार माह के सीजन में हर सेक्टर को करोड़ो की कमाई होने का अनुमान है।

शादियों के सीजन को लेकर हर सेक्टर में बूम है। सराफा में जहाँ सोने-चांदी की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री हो रही है। कोरोना की वजह से लगभग तीन साल तक शादियों के सीजन प्रभावित हुए है, इसके बाद में अब शादियों में भरपुर रौनक लौटी है। पिछले साल अक्षय तृतीया और देवउठनी एकादशी के बाद हुई शादियों में भी सभी कारोबारियों को जमकर कमाई हुई है।

अब फिर से नए साल में शादियों का सीजन लौट रहा है। सीजन लौटने से पहले ही बाजार में रौनक है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शादियों के लिए लोग सराफा बाजार में जेवरों की खरीददारी कर रहे है, हालांकि इस समय सोने की कीमत आसमान पर है, इसके बाद भी लोग सोने एवं चांदी के जेवरात खरीद रहे है।

### चार माह में यह है शुभ मुहूर्त

**जनवरी** : 16, 17, 18, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30 और 31

**फरवरी** : 1, 2, 3, 4, 5, 6, 12, 13, 14, 17,18, 19, 24, 25, 26, 27 और 29

**मार्च** : 1, 3, 4, 5, 6, 7, 11 और 12

**अप्रैल** : 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25

### होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग की एडवांस बुकिंग

कांकेर जिले में हॉटल और मैरिज हॉल जितने है, सभी पहले से बुक हो गए है। हॉटल व मैरिज हॉल नहीं मिलने के कारण लोग शादी के तारीख बदलवाने को मजबूर है। शहर में गिनती के हॉटल व मेरिज हॉल है, वहीं नगरपालिका का कम्युनिटी हॉल भी पहले से बुक हो चुका है। हॉटल व मैरिज लॉन नहीं होने के कारण कई लोग रायपुर में शादी करने के लिए मजबूर है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को दी केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 12 जनवरी को जिले के ग्राम पंचायत डोंगरगांव, पटौद, नाहगीढा कलगांव, हिन्दू बिनापाल, कुर्री, कानापोंड, चिनौरी, साधुमिचगांव, सुरूंग दोह, बेवरती, विष्णुपुर, पानावार, द्वारिकापुरी, श्रीगुहान एवं उमरादाह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। इस दौरान युवा दिवस के अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का लाइव प्रसारण भी हुआ। इस मौके पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने योजना से हुए लाभ की जानकारी दी। धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान और जैविक खाद के लाभ के बारे में बताते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राम मंदिर: प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण घर-घर पहुंचाया जा रहा

**फरसगांव।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने शुरू हो गया। देशभर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अक्षत के हिन्दू कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर-घर जाकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने निमंत्रण दे रहे हैं। इसके साथ ही दिव्य-भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शंखनाद अयोध्या से पूरे देश में हो गया। इसी तरह फरसगांव क्षेत्र में भी रामभक्त और हिन्दूजन सुबह शाम गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते भगवान श्रीराम के जयकारों और गीतों के साथ घर घर जाकर निमत्रण पत्र देकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने कहा जा रहा है। साथ में अक्षत कलश भी घर घर घुमाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी रामभक्त और हिन्दू भाइयों को आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने अपने घरों को सजाकर इस पर्व को धूमधाम से दीपावली की तरह मनाने अपील कर रहे हैं। घरों को दीपों से सजाकर कर आतिशबाजी करते हुए इसे पर्व की तरह मनाने अपील कर रहे हैं।

### केशकाल थाने के नए प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने किया पदभार ग्रहण

**केशकाल।** कोंडागांव एसपी वाय. अक्षय कुमार ने पिछले दिनों पुलिस विभाग में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं आरक्षकों का फेरबदल किया है। जिसमें केशकाल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आनंद सोनी को अनंतपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं अनंतपुर थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय को केशकाल थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 11 जनवरी गुरुवार को केशकाल थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में सौरभ उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया।

### मेथोडिस्ट चर्च फरसगांव में मनाया गया स्थापना पर्व

**फरसगांव।** नगर के मसीह समाज के विश्वासियों ने 11 जनवरी गुरुवार को चर्च स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर नगर के चर्च में प्रातः से ही आराधना का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।

# राष्ट्र सर्वोपरि, देश की उन्नति में युवाओं की अहम भूमिका : किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पतंजलि योग समिति ने आयोजित किया योग शिविर, मैराथन व सूर्य नमस्कार

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को पतंजलि योग समिति ने इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में युवा दिवस का आयोजन किया। जहां योग शिविर, योग मैराथन व विराट सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के युवा, बच्चें व बुजुर्ग शामिल हुए। युवा दिवस के आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुये कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, देश को अग्रणी बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। युवा ही इस देश को विकसित और विश्वगुरु बना सकते हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी डॉ.परमार्थ देव विशेष रूप से पहुंचे थे, जिनके द्वारा योग शिविर व विराट सूर्य नमस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रभारी डा. मनोज पाणिग्रही, धर्मपाल सैनी, लच्छू राम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, संजय पाण्डेय, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, दिगम्बर राव, अनिल लुंकड़, मनोज पटेल, विनय राजू, आशू आचार्य, अभिषेक तिवारी आदि शामिल रहे।



### सत्य सनातन धर्म ही शाश्वत है

योग गुरु बाबा रामदेव ने हरिद्वार से ऑनलाइन इस आयोजन को आशीर्वचन प्रदान किया। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने शरीर स्वस्थ के लिए निरंतर योग करते रहने की प्रेरणा दी। इस आयोजन में फैंसी ड्रेस तथा स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया।



### आईजी, कलेक्टर, एसपी योग अभ्यास में हुए शामिल

आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर विजय दयानंद के., एसपी शशि मोहन सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे योग में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष योग आयोग पतंजलि परिवार के संजय अग्रवाल तथा शहर के स्कूलों के बच्चे तथा नागरिक उपस्थित थे।

**भ्रमण:** समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्रों ने किया शैक्षनिक भ्रमण

# जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन तथा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम देख खुश हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर।



समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत शालाओं में अध्यनरत चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन एवं जिला मिशन समन्वयक दिनेश नाग द्वारा गत दिवस 11 जनवरी को प्रातः 08 बजे हरी झण्डी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी दिव्यांग बच्चों एवं भ्रमण दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ ही साथ हमें नए-नए जगह घुमने का अवसर मिला है, जिससे हमें बहुत सी जानकारियां व ज्ञान भी मिलती है। सभी बच्चे अच्छे से घुमें और इनकी जानकारी अपने साथी को भी दें, जिससे समावेशी शिक्षा की अवधारणा सफल हो सके। शैक्षणिक भ्रमण में विकासखण्ड अंतागढ़ से 5, भानुप्रतापपुर से 6, चारामा से 10, दुर्गुकोंदल से 4, कांकेर से 15 और नरहरपुर से 10 इस प्रकार जिले के कुल 50 चिन्हांकित दिव्यांग बच्चें व सहयोगी, शिक्षकों को सर्वप्रथम नया रायपुर में जंगल सफारी का भ्रमण कराया गया, इस दौरान सभी बच्चों को सफारी एवं जू दोनो का भ्रमण कराते हुए आवश्यक जानकारी भ्रमण दल के टीम लीडर व गाईड के द्वारा प्रदान किया गया। तत्पश्चात नया रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अन्तर्राश्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और पुरखौती मुक्तांकन का भ्रमण कराया गया। इस प्रकार से सभी स्थानों के भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी दी गई व पुरखौती मुक्तांगन बस्तर के विभिन्न सांस्कृतिक परम्परा के संबंध में बताते हुए भ्रमण कराया गया। सभी दिव्यांग बच्चों ने बड़ी उत्साह एवं तन्मयता के साथ इस भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए तथा भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण में और आने की इच्छा जाहिर किया।

भ्रमण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला कार्यालय से एपीसी पंकज श्रीवास्तव, बीआरपी समावेशी शिक्षा विनोद राजपूत, डिकेश साहू, दीपक सोनवानी, रेखा खण्डुरी, स्पेशल एजुकेटर शैलेन्द्र साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में भ्रमण कराया गया। सभी विकासखण्ड के नियुक्त नोडल बीआरपी समावेशी शिक्षा, वाहन प्रभारी का आवश्यक सहयोग रहा।

# राम दरबार का दीवार पर की जा रही है अनोखी चित्रकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

जहा देश में आयोध्या नगरी में राम जन्मभुमि में राम लला की स्थापना की तैयारी जोर शोर से चल रही है। वहीं नगर के प्रसिध्द आर्ट्रिस्ट द्वारा अपने निजी खर्चे से 1000 फिट लम्बी व 12 फिट चौड़ी दिवाल में राम लीला दरबार को अनोखे अंदाज से अपने चित्राकरी से रंग दिया है।

अंचल के प्रसिद्व चित्रकार पेंन्टर रंग राजू यह चित्रकारी एक सप्ताह पहले से यह पेटिंग गोला बीड़ी कारखाना की लंबी दिवार में अयोध्या के राम मंदिर की तस्वीर उकारी गई हैं। यह पेटिंग भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को समर्पित हैं। माता सीता तथा रामभक्त हनुमान को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जिसे देखने के लिए लोगो की भीड उमड़ रही है। देखने वाले मंत्रमुग्ध होकर इस चित्रकला की प्रशंसा कर रहे हैं।

चित्रकार ने बताया कि भगवान राम कैद से निकलकर अपने घर विराजमान हो रहे हैं। इस मौके पर मन में विचार आया कि क्यों न हम लोग भी मिलकर मोहल्ले को छोटा आयोध्या का रूप दिया जाए, जिसमें मोहल्ले वालो का भरपुर सहयोग मिला है। वही लोगो की भक्ति भावना को देखते हुए उनके मन में यह भावना बलवती होती गई और प्रिकल्पना को दिवाल में उकेरी। राम जन्मभूमि अयोध्या पूरे देश के अलावा विदेशों में भी इन दिनों चर्चा का केन्द्र बिन्दु बना हुआ हैं।

# युवा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट व कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पखांजूर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत 11 व 12 जनवरी को युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत मटियारा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके।

विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र भाउ ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्श विचारों को युवाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. बीरबल साहू ने युवाओं को विकास के पिलर के रूप में संबोधित किया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने महाविद्यालय में सीताफल पल्प से आइसक्रीम बनाना, मूंगफली, सरसों, चना, मटर व लघु धान्य फसल रागी का बीज उत्पादन शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विकसित भारत 2047 अभियान में युवाओं को अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में एक दिवस पूर्व विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें क्विज, चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण वाचन शामिल थे। क्विज में आर्या चौहान तृतीय वर्ष, निबंध लेखन में कीर्ति प्रभाकर, चित्रकला में यशवंत कुमार एवं भाषण में जितेन्द्र पोटाई द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहें। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अनिल नेताम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में सह प्राध्यापक डॉ. जेएल सलाम द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया सारबेड़ा में संचालित जल जीवन मिशन के कार्य का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को सारबेड़ा में जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजना के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही सतो नेताम से बातचीत की और जल प्रदाय के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया जानी। सतो नेताम ने बताया कि यहां सुबह और शाम दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है, जो पर्याप्त है। उन्होंने पानी के बहाव को लेकर भी संतुष्टि व्यक्त की। कलेक्टर श्री दुआवत ने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति के लिए जल के स्त्रेत का निरीक्षण भी किया। यहां क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर सिस्टम के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। यहां पानी के ओवर फ्लो को रोकने के लिए स्थापित सेंसर के खराब होने के कारण टंकी से पानी बह रही थी, जिसे कलेक्टर ने तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सोलर सिस्टम के माध्यम से जल प्रदाय किए जा रहे सभी स्त्रेतों का परीक्षण करने और ओवर फ्लो को रोकने के लिए लगाए गए सिस्टमों को सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता हरिसिंह मरकाम सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त पुलिस ने दो कोचियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- भानुप्रतापपुर और कोयलीबेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध रूप से शराब बेचने वाले शराब कोचियो को पकड़कर पुलिस ने उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को लगातार मुखबिरो से जानकारी मिलते रहती है कि शराब कोचियों के द्वारा अवैध रूप से शराब कि बिक्री किया जा रहा है। मामले की तस्दीक करने के उपरांत भानुप्रतापपुर और कोयलीबेड़ा पुलिस ने दो शराब कोचिए को 11 जनवरी को धर दबोचा। मुखबीर से जानकारी मिल कि ग्राम भूरसातरहुल आम पेड़ के नीचे एक व्यक्ति प्लास्टिक थैला लेकर खड़ा है एवं शराब ब्रिकी करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए 11 जनवरी को दोपहर डेढ़ बजें आरोपी भूरसातरहूल निवासी 25 वर्षीय अजय कोरेटी पिता दयालू राम कोरेटी को पकड़ा। आरोपी अजय कोरेटी के हाथ में रखे प्लास्टिक के थैला में 21 नग अंग्रेजी शराब और बिक्री रकम 240 रूपएं को जप्त किया गया।



अवैध जप्त शराब 21 नग बम्बे गोआ व्हीस्की कि कीमत 2 हजार 520 रूपएं नगद 240 रूपएं को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वही कोयतीबेड़ा थानांतर्गत मुरनार में आरोपी के घर पुलिस ने 11 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें रेड कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बेचने के लिए रखे शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मुरनार निवासी भवानी प्रसाद बघेल पिता स्व. रामजी अपने घर में अंग्रजी शराब 10 पौवा व 4 नग बियर कुल 1 हजार 880 रूपएं के शराब को अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखा हुआ था, जिसे जप्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## आईजी, कलेक्टर व एसपी पहुंचे पुसनार कावड़गांव के जवानों जाना हालचाल



जगदलपुर। बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालूर के पुसनार व कावड़गांव का भ्रमण कर आईजी, कलेक्टर व एसपी ने इलाके में तैनात जवानों व ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों से विकास एवं कल्याणकारी कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में हुए रूबरू होकर आवश्यक चर्चा की। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर के प्रशासन व पुलिस व सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा की गई। इस दौरान जिला पुलिस बल, डीआरजी व सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों से चर्चा कर क्षेत्र की सुरक्षा एवं विकास कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। आईजी के साथ भ्रमण के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप दन्तेवाड़ा रेंज, डीआईजी सीआरपीएफ एसके मिश्रा, कलेक्टर बीजापुर अनुराग पाण्डेय, एसपी बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय ने पुसनार व कावड़गांव क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से शासन के विभिन्न कल्याणकारी एवं विकास कार्यो के संबंध चर्चा करते हुए पानी, बिजली, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल-आश्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाए जा रहे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया। आईजी सुन्दरराज पी ने चर्चा के दौरान ग्रामीणों को बताया कि वनांचल क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने के दिशा में पुलिस एवं सुरक्षाबल द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में उपस्थित अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया।

## खेल प्रतियोगिता से बढ़ती है सामाजिक समरसता: नीलकंठ

**केशकाल।** कुएं मारी में पहली बार सम्पन्न हुए विकासखंड स्तरीय खेल के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बच्चों के बीच जाकर उनका उत्साह वर्धन किया। बच्चों के अलावा ग्रामीण भी अपने लोकप्रिय विधायक अपने बीच पाकर खुश हुए। श्री टेकाम ने कहा कि बच्चों के खेल प्रतियोगिता से दूर दराज गांवों से आए लोगों में सामाजिक समरसता का प्रसार होता है, जो हमारी एकता का परिचायक है। बच्चें खेलों के नियम से अनुशासन सीखते है और यह समय जीवन भर यादगार रहता है। विशिष्ट अतिथि सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि आज खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है हमे अपने अध्यापन के साथ खेल को भी जीवन मे अपनाना होगा। दूरस्थ अंचल में हो रहे इस आयोजन से बच्चों को इस पर्यटक स्थल की जानकारी मिली और अब यहा 250 बच्चों के आवासीय विद्यालय की स्थापना की जावेगी। हमें शासन की योजनानुसार सारे विकास के कार्य करने है। कुएं मारी के लोगों में भी पहली बार हो रहे इस आयोजन से प्रफुल्लित नज़र आए। शिक्षा विभाग केशकाल के बैनर तले हुए इस आयोजन में 18 संकुल जोन 14 हाई स्कूल 7 हायर सेकंडरी के कुल 2383 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में खो खो, कबड्डी, वालीबाल, गोला फेक, 100 मीटर रेस, लंबीकूद लेखन, चित्रकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग में 100 रेस प्रथम कोहकामेटा संकुल, द्वितीय सिंगनपुर संकुल, आलू दौड़ में प्रथम सिकागांव दूसरा स्थान मस्सूकोकोडा संकुल रहा। लंबीकूद में कोहकामेटा, द्वितीय खालेमुरवेंड, खो खो में प्रथम कोहकामेटा संकुल द्वितीय बड़ेखोली रहा, कबड्डी में विजेता कोहकामेटा उप विजेता सिंगनपुर संकुल रहा। लेखन में प्रथम सिकागांव द्वितीय अरंडी संकुल तथा सामान्य ज्ञान में संकुल खाले मुरवेंड दूसरे पर सिंगनपुर तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम बावनीमारी संकुल दूसरे स्थान पर संकुल केंद्र केशकाल और तीसरे स्थान पर संकुल केंद्र कोहकामेटा रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक लोकेश गायकवाड, प्रकाश साहू, भरत लाल नागवंशी,रोशन हिरवानी, देवेन्द्र कुपाल, टिकेश्वर सोनबेर आदि ने सफलतापूर्वक किया। आयोजन की सफलता मे कोलूराम मंडावी,शंभु राम जुर्री, जगदीश हुडको,रतीराम नाग, सुनील कावडे,सुन्ना राम मन्डावी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## पेज 7 के शेष

### हत्या के आरोपियों का...

खंगाला और उससे पुलिस को कुछ सबूत मिला। पुलिस ने संभावित आरोपियों की लिस्ट तैयार किया और उसके बाद उनके मोबाईल डंप की लोकेशन की खोजबीन 8 जनवरी को देखा। इस मामले में पकड़ाए सभी आरोपी हत्या स्थल के आसपास ही मंडरा रहे थे। मोबाईल से मिली लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज से पुलिस आश्वस्त होती गई और संदिग्ध आरोपियों को दबोचते गई। कड़ाई बरतने पर कुछ संदिग्धों ने पूरी घटना को कबुल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए सभी की कड़ी को जोड़ने के पुख्ता सबूत एकत्र कर लिया है।

### राम मंदिर में प्राण...

राजापारा के श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारम्भ हो कर सिह वाहिनी मंदिर, शिव मंदिर, साई मंदिर होते हुए पंचमुखी हनुमान के मंदिर होते हुए शिव मंदिर ऊपर नीचे रोड होते हुए वापिस देव भूमि राजापारा श्रीराम जानकी मंदिर मे समाप्त किया। प्रभात फेरी में शामिल महिलाओं का कहना है कि हम सबका सौभाग्य है कि हमारे जीवनकाल में भारतीय जनमानस के केन्द्र बिन्दु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को भव्य बनाने एवं एकबार पुनः दीवाली जैसा उत्सव मनाने के लिए सब जुट जाए। सभी को प्रभु श्रीराम का आमंत्रण हम सभी के लिए अयोध्या से अक्षत के रुप में आया है, इसे स्वीकार करते हुए 22 जनवरी को सभी अपने घरों एवं मोहल्लों को अयोध्या की तरह सजाएं। प्रभातफेरी के दौरान प्रभु श्री राम जी की वंदना स्वर गूंज रहे हैं। कई दिनों से लगातार प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें केसरिया पताका के साथ रामभक्त जय श्रीराम का उद्घोष करते डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे हैं।

### मीना बाजार कर्मियों...

सुरंजीत मालाकार आवेश मे आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। आरोपी द्वारा हाथ मे पहने कड़ा से मेरे सिर में चोट लगा तब विशाल यादव, संजय यादव, रिषि यादव मारपीट को देखकर बीच बचाव करने आए। उनके साथ भी सुरंजीत मालाकार मारपीट किया, जिससे रिषि यादव के बाए हाथ के उंगली, दाएं पैर के घुटना में, विशाल यादव के सिर में व संजय यादव को भी चोट आया है। 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### थप्पड़ से की पिटाई...

गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ थप्पड़ से मारपीट किया है, जिससे मेरे दोनो हाथों एवं दोनो पैर के घुटना में चोट लगा है। आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया है। आरोपी बहुत ही ज्यादा आक्रोश में आ गया था, अगर आसपास के लोगो द्वारा बिच-बचाव नही किया जाता तो अनहोनी हो सकता था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हसदेव बचाने आदिवासी...

को काटे जाने पर अत्यंत चितिंत हैं। संरक्षण का उद्देश्य यह है कि पशु, पक्षी या वन संपदा को संरक्षित करना, उसका विकास करना व शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में उसकी मदद लेना होता है। हम आदिवासी हल्बा समाज के युवा साथी पर्यावरण का संरक्षण करना अपना कर्तव्य मानते और चाहते है और सभी से अपील करतें है कि हमारे पर्यावरण कि रक्षा हो तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्त होगा और जीवन प्रभावित नहीं होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान आदिवासी हल्बा समाज के युवा पदाधिकारी अध्यक्ष मन्नु दीवान, उपाध्यक्ष गांडाराम ठाकुर, सचिव देवेंद्र टोहलिया, कोषाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष विकास राजु नायक, पूर्व सचिव नंदकुमार गुरुवर, पूर्व उपाध्यक्ष संजू राना, कैलाश टोहलिया, कैलाश पात्र, सोमदेव, प्रकाश, हमेश, जगत राम, संतलाल राना, हेमेंद्र टोहलिया उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने धान खरीदी ...

धान आने पर इसकी स्टेकिंग की जाए, पहले से स्टेकिंग किए गए धान का पहले परिवहन किया जाए। इसी प्रकार व्यवस्थित रूप से धान खरीदी के लिए किसानों को एक सप्ताह पहले से टोकन काटे जाएं। साथ ही उन्होंने केन्द्रों में व्यवस्थित ढंग से खरीदी करने एवं किसानों से अच्छे से व्यवहार करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केन्द्र दुर्गुकोंदल व भानुप्रतापपुर में कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए गए। साथ ही धान तौल के दौरान किसानों से अधिक तौल करना पाया गया। जिन किसानों के द्वारा अपना संपूर्ण धान विक्रय किया जा चुका है व जिन किसानों के पास विक्रय के लिए धान उपलब्ध नहीं है, उन किसानों का रकबा समर्पण की कार्यवाही में रूचि नहीं ली गई है। कलेक्टर ने दुर्गुकोंदल व भानुप्रतापपुर के खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी कार्य में अनियमितता को देखते हुए खरीदी प्रभारियों व आपरेटरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक ने बताया कि कोरर केन्द्र में 01 हजार 44 पंजीकृत किसान हैं, जिनमें से 871 किसानों द्वारा कुल 47 हजार 876 क्विंटल धान बेचा गया है। भानुप्रतापपुर केन्द्र में 1 हजार 277 पंजीकृत किसान हैं, जिसमें से 646 किसानों ने कुल 26 हजार 29 क्विंटल धान विक्रय किया गया है। संबलपुर केन्द्र में 1 हजार 936 पंजीकृत किसान हैं, जिसमें से 1 हजार 463 किसानों ने कुल 74 हजार 315 क्विंटल धान विक्रय किया है। इसी प्रकार दुर्गुकोंदल केन्द्र में 1 हजार 462 पंजीकृत किसान हैं, जिसमें से 769 किसानों ने कुल 34 हजार 589 क्विंटल धान का विक्रय किया है। इस अवसर पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला विपण अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मिशन वात्सल्य पर हुई कार्यशाला



**बस्तर।** विकासखंड बस्तर के शासकीय हाईस्कूल कुड़कानार में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने विद्यार्थियों के लिए मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के प्राचार्य सईदा खान मौजूद थे। वहीं कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षिका परिवीक्षा अधिकारी अनिता पाणिग्रही जिला बाल संरक्षण इकाई जिला बस्तर ने बाल संरक्षण के बारे में बताते बच्चों को स्वयं जागरूक होकर अपने हितों को समझाने पर प्रकाश डाला। इस दौरान संस्था के सभी छात्र-छात्राएं, संकुल समन्वयक अजंबर कोर्राम, व्याख्याता माधवी राठौर, दीपा मांझी, अर्चना देवांगन, कुसुम पांडे, माधुरी वर्मा मौजूद रहे।

## महिला लखपति दीदी पहल की हुई शुरूआत

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री के मंशा अनुसार जिला दंतेवाड़ा में भी महिला लखपति दीदी पहल की शुरूआत की जा चुकी है। इसी तारतम्य में जिला दंतेवाड़ा में दीदीयों को लखपति बनाने हेतु उनके आजीविका संबंधित सृजन करने हेतु सीआरपी का प्रशिक्षण जनपद गीदम में आयोजित किया गया है। जिसमें 8 जनवरी को महिला लखपति प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन द्वारा लखपति सीआरपी को विस्तृत व्याख्यान और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही लखपति कैसे बने इस पर मार्गदर्शन किया। उक्त प्रशिक्षण में सीईओ जनपद पंचायत क्रांति ध्रुव मास्टर ट्रेनर एवं डीपीएम एनआरसीएम नितेश कुमार देवांगन एवं मास्टर ट्रेनर बीपीएम एनआरएम वैभव शिव उपस्थित थे।

## नाम जुड़वाने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शिविर

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 जनवरी को नाम जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में शामिल करवाने हेतु महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके हिरकने, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी, अतिरिक्त तहसीलदार कैलाश श्रीवास्तव, सुपरवाइजर और समस्त बीएलओ की उपस्थिति में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 92 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया है।

**निधन**

### बीपी सिंह



**जगदलपुर।** बोधघाट कॉलोनी निवासी बीपी सिंह (86) का गुरुवार की शाम निधन हो गया। वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे सुभाष, श्याम, राजकुमार व बसंत सिंह के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया अंतिम यात्रा में समाज के लोग, परिजन एवं शहरवासी मौजूद रहे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### करोड़ों रुपए के फर्जी टेंडर पर लगी रोक, शासन के नियमों का नहीं किया गया पालन

# कोन्टा नपं की कार्यप्रणाली पर चला कलेक्टर का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में निविदा प्रक्रिया का कितना पालन धरातल पर होता है, इसकी पोल आखिरकार खुल ही गई। सुकमा जिले के कोन्टा में करोड़ों रुपयों के हुए निविदा को गुप्त तरीके से प्रकाशन कर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के सनसनीखेज आरोपों के बीच हुई जांच में कलेक्टर ने निविदा प्रक्रिया को ही गलत मानते हुए निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश दे दिया है।

- करोड़ों के कार्यों का हुआ बंदरबांट

कोन्टा के युवा पवन कुमार उर्फ सिद्धु द्वारा कोन्टा नपं निविदा मामले का आरटीआई से खुलासे के बाद पूरे मामले की शिकायत संयुक्त संचालक से लेकर कलेक्टर तक की गई। वहीं शिकायत उपरांत सीएमओ ने फिलहाल आगे की कार्रवाई पर विराम की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे प्रक्रिया करने की बात कही थी।



कोन्टा नपं की निविदा पर गंभीर आपत्ति शासन के नियमों का नहीं किया गया पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कोन्टा एक बार फिर से निविदा प्रक्रिया को लेकर सुर्खियों में है। करोड़ों के हुए निविदा को गुप्त तरीके से प्रकाशन कर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा है। वहीं कोन्टा के एक युवा द्वारा मामले का आरटीआई से खुलासे के बाद पूरे मामले की शिकायत संयुक्त संचालक से लेकर कलेक्टर तक की गई है। वहीं शिकायत उपरांत सीएमओ ने फिलहाल आगे की कार्रवाई पर विराम की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे प्रक्रिया करने की बात कही।

- करोड़ों के कार्यों पर हुई बंदरबांट

कोन्टा नपं में निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी कोई नई बात नही है। इसके पूर्व में भी कई निविदाओं को चेहते ठेकेदारों को उच्च दर पर देकर शासन के करोड़ों रुपये का चुना लगाया गया था। नगर पंचायत कोंटा द्वारा निविदा क्रमांक 57 11 अप्रैल 2023 को करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य का निविदा आमंत्रित किया गया था। लेकिन कोन्टा के युवक पवन के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी पर कई खामियां सामने आई, जिसकी शिकायत संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सहित कमिश्नर बस्तर व सुकमा कलेक्टर को करते हुए पूरी प्रक्रिया को ही गलत बताते हुए जांच की मांग की। अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रं. 57 दिनांक 11 अप्रैल को निविदा जारी की गई थी जिसमें निविदा प्रपत्र प्राप्त हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 1 मई समय 5 बजे तक रखी गई थी निविदा जमा करने की तिथि 3 मई समय 3 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि 3 मई समय 4 बजे रखी गई थी। जो कि एक पूर्ण मिथ्या एवं फर्जी है। सूत्रों की माने तो ▶▶ शेष पेज 8 पर

वरिष्ठ अधिकारी से लेंगे मार्गदर्शन

कोन्टा के सीएमओ लक्ष्मण देहारी ने कहा कि उक्त निविदा प्रक्रिया पूर्व सीएमओ के द्वारा संपन्न की गई थी लेकिन जिस तरह से पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं तो एक बार इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसा पहली बार नहीं

कोन्टा नपं में निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी कोई नई बात नही है। इसके पूर्व में भी कई निविदाओं को चहेते ठेकेदारों को उच्च दर पर देकर शासन के करोड़ों रुपए का चुना लगाया गया था। नगर पंचायत कोंटा द्वारा निविदा क्रमांक 57 दिनांक 11 अप्रैल 2023 को करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य का निविदा आमंत्रित किया गया था। लेकिन कोन्टा के युवक पवन कुमार के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी पर कई खामियां सामने आई, जिसकी शिकायत संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सहित कमिश्नर बस्तर व सुकमा कलेक्टर को करते हुए पूरी प्रक्रिया को ही गलत बताते हुए जांच की मांग की थी।

### ऐसे हुआ था खेला

कोन्टा नपं में हुए निविदा की शिकायत के बाद प्रशासन ने पाया कि कोन्टा नपं में अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 57 दिनांक 11 अप्रैल को निविदा जारी की गई थी। जिसमें निविदा प्रपत्र प्राप्त हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 1 मई समय 5 बजे तक रखी गई थी। निविदा जमा करने की तिथि 3 मई समय 3 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि 3 मई समय 4 बजे रखी गई थी। जो कि एक पूर्ण मिथ्या एवं फर्जी है। सूत्रों की माने तो नगर पंचायत कोंटा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने चहेते ठेकेदार एवं राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। निविदा का प्रकाशन नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से ठीक 12 दिन बाद दैनिक कर्मक्रांति एवं संवाद क्रांति में प्रकाशित किया गया है और यह समाचार पत्र नपं कार्यालय में ही नहीं बल्कि पूरे सुकमा जिले में नहीं मंगाया जाता है। बल्कि नियम अनुसार यह निविदा दो बहुप्रसारित राज्य स्तरीय दैनिक समाचार में प्रकाशन किया जाना चाहिए था। इससे पूर्णतया स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत कोंटा कार्यालय द्वारा जारी समस्त निविदा सम्बन्धित प्रक्रिया बैकडेट में किया गया है जो फर्जी एवं गुप्त तरीके से किया गया है एवं अपने चहेते व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की मंशा रही है।

### कलेक्टर ने कहा पुनः जारी करें संशोधित निविदा

कलेक्टर सुकमा द्वारा गठित जांच टीम द्वारा कोन्टा नपं में निविदा में भारी खामियां पाई गई थी। कलेक्टर सुकमा के पत्र क्रं. 3340 दिनांक 14 दिसंबर 2023 के तहत उक्त निविदा को निरस्त करने का आदेश दिया गया। जारी पत्र में उल्लेख किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं सुकमा के आदेश क्रमांक 2270 दिनांक 22 सितंबर 2023 के द्वारा उक्त शिकायत की जांच 3 सदस्य समिति जिपं सीईओ देवनारायण कश्यप ने गठन कर जांच कराया। उपरोक्त समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार उक्त निविदा त्रुटिपूर्ण पाई गई।

# विवेकानंद जयंती पर छात्रों ने निकाली युवा जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



स्वामी विवेकानंद जयंती अवसर पर आज डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर उन्हें स्मरण किया। युवा जागरूकता रैली के रूप में निकली रैली ने नगर के मुख्य चौक पर पहूंच उन्हें याद किया और विवेकानंद के जीवनी एवं विचारों को अपने उद्बोधन के तौर पर इंग्लिश में स्पीच देकर बताया।

डीएवी स्कूल के प्राचार्य शशि कुमार एवं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन पर स्वरचित गीत, भाषण, कविता और नाटक की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिए।

शिक्षकों एवं छात्रों ने संयुक्त रूप से युवा जागरूकता रैली विद्यालय से बस स्टैंड, अटल चौक और वन विभाग कार्यालय के पास स्थित स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा तक आयोजित किया। तत्पश्चात प्रतिमा पर माल्यार्पण कर छात्रों ने लोगों को उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग एवं उनके विचार को जनता तक पहुंचाया। पूरे रैली में छात्रों ने नारों के माध्यम से युवा जन जागरूकता का संदेश दिया।

## छात्र-छात्राओं से कलेक्टर ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला ग्रंथालय में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रसारण किया गया।

महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा युवाओं को विकसित भारत गढ़ने में अपनी भागीदारी निभाने हेतु संदेश दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा दंतेवाड़ा जिला को विकसित करने हेतु युवाओं से चर्चा किया गया एवं अपने सुझावों को साझा करने तथा समस्याओं के निवारण हेतु अनुविभागीय अधिकारी से सम्पर्क करने को कहा।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, डिप्टी कलेक्टर शिवनाथ बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं जिले के युवा, स्कूली छात्र-छात्राएं समेत नगर पालिका दंतेवाड़ा के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने चलाया सफाई अभियान

**गीदम।** ग्राम फरसपाल के ग्रामीणों ने अपने पर्यटन स्थल व आस-पास के क्षेत्र को साफ रखने के उद्देश्य से आज सफाई अभियान चलाया। दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी व जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन की प्रेरणा से प्रेरित होकर ग्राम फरसपाल के ग्रामीणों ने अपने पर्यटन स्थल ढोलकल व अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों ने बताया कि फरसपाल एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, यहां पर देश-विदेश से लोग घूमने पहुंचते है। पर आने वाले पर्यटक क्षेत्र की सफाई का ध्यान नहीं रखते है। मार्ग में और अन्य जगहों में पॉलिथीन, रेपर, पानी के बॉटल आदि फेंक देते है। जिससे हमारे गांव में गंदगी फैल रही है। इसलिए अपने गांव को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से हमने सुबह 10 से 12 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया है। भविष्य में हर सप्ताह हम सभी ग्रामवासी मिल कर अपने गांव के मुख्य मार्ग और अपने घर के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। इस स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल कर्मा, सत्यनारायण कर्मा, अर्जुन कर्मा, गोवर्धन ठाकुर, प्रभाकर ठाकुर, अंगद ठाकुर, सुकमन कर्मा, राकेश कर्मा, राकेश कश्यप के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



# भारत माता व स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में युवा दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान भैया-बहनों के बीच चित्रकला, रंगोली, निबंध, भाषण आदि प्रतियोगिताए रखी गई। स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आचार्यों व भैया-बहिनों ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रचार-प्रसार करते हुए उन्हें आत्मसात करना चाहिए। जिससे हमारा यह राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करते हुए विश्व शिखर पर विराजमान हो सके। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन में जो घटनाएं घटी,उन प्रेरक प्रसंगों को भैया-बहनों को बताया। इस दौरान विद्यालय के नौ भैया-बहनों ने स्वामी विवेकानंद व एक ने भारत माता का वेशभूषा धारण किया, जिनके साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान घोष दल के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया।

# विवेकानंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



स्वामी आत्मानंद स्कूल में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य देश-दुनिया के युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा ले सकें व अपने जीवन को बेहतर बना सकें। युवाओं को ही देश का भविष्य माना जाता है। यदि देश के युवा बेहतर होंगे, तो देश भी तरक्की करेगा। शाला में युवा विद्यार्थियों को नशीली दवाओं से मुक्त रहने और इसके उपयोग से बचने के तरीके सिखाने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में युवा बच्चों को गुटका, बीड़ी, तंबाकू आदि नशीले पदार्थों से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने की सलाह दी गई। आदत को छोड़ने के भी उपाय विद्यार्थियों को बताये गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तंबाकू के सेवन से बचने और दूसरों को भी इसका सेवन से रोकने की शपथ ली। यह सेमिनार ऋचा राठौड़ के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# अधिकारी से मिला शिक्षक संघ, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर जिले के विभिन्न शालाओं में कार्यरत शिक्षक सर्व शिक्षक संघ जिला बस्तर के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सोनी व जिला उपाध्यक्ष बी श्रीनिवास राव की अगुवाई में अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आज संयुक्त संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपे।

जिलाध्यक्ष सोनी ने बताया कि बस्तर जिले में कार्यरत व्याख्याता एलबी संवर्ग जिनका अब तक नियमितीकरण आदेश जारी नहीं हुआ है। उनका नियमितीकरण आदेश डीपीआई से जारी करने के लिए आग्रह किया। साथ ही जिनका नियमितीकरण हो चुका है, उनको डीडीओ द्वारा वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दिया जा रहा है। इस पर ध्यान आकृष्ट कर स्पष्ट निर्देश जारी करने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए परीक्षा अनुमति आदेश का इंतजार कर रहे शिक्षकों की अनुमति आदेश जारी करने व शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची में त्रुटि सुधार करने के लिए आग्रह किया गया। संयुक्त संचालक द्वारा उक्त सभी प्रकरणों पर यथासंभव कार्यवाही करने हेतु जल्द पत्र प्रेषित करने सहमति दी गई। इस दौरान गुलशन देवांगन, संजीव शर्मा, चंद्रशेखर स्वादु, गजेंद्र ठाकुर, पवन सेठिया, भारती नामदेव, भूपेंद्र साहू, रेनू साहू, नागेश्वरी व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# रासेयो ने पारापुर में बनाया अस्थाई बांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा द्वारा ग्राम पंचायत पारापुर में आयोजित किया गया हैं। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामीणों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। गांव के विकास के लिए सकारात्मक संदेश देने के लिए स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम संपर्क किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्रुप लीडर शिवशंकर, हीराधर, हेमसिला, दैमती, दिव्या नीतू, शिवानी के नेतृत्व में जन संपर्क कर विभिन्न प्रकार के कार्य कर सकारात्मक संदेश दिए जा रहे है। डीएल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्व विद्यालय जगदलपुर बस्तर के शिविर में निरीक्षण उपरांत उनके कुशल निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी हेमराव खापर्डे एवं सरोज पटेल के द्वारा स्वयं सेवकों के सहयोग से ग्राम पारापुर में अस्थाई बांध का निर्माण किया गया। बांध निर्माण कार्य में मुख्य रूप से वामन राम, सेवन कुमार, योगेश, अलीशा, राजमा, सुनीता एवं सभी स्वयं सेवकों का सक्रिय योगदान रहा।

# वैज्ञानिकों ने किसानों को सीडड्रिल मशीन से सिखाया बुवाई का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डिप्रोशन बंजारा के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित तिलहन फसल का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के कारली, जावंगा, कासोली एवं मुस्तलनार गांव में कम लागत एवं अधिक उपज के लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान के खेत पर ही सीडड्रिल मशीन से सूरजमुखी एवं अलसी की सीधी बुवाई करा कर किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि इस विधि से कम लागत लगाकर अच्छी पैदावार प्राप्त किया जा सकता है एवं किसानों को इस विधि से ही बुवाई करनी की सलाहदी, तीलहनी फसलों का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में सुरजमुखी 20 हे. एवं अलसी 10 हे. में प्रदर्शन किया जा रहा हैं। कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने बताया कि सीडड्रिल मशीन से बुवाई करने पर खाद और बीज दोनों की खपत कम होती है। उन्होंने कहा कि छिटकाव विधि के मुकाबले इस मशीन से बुवाई करने पर 25 से 40 प्रतिशत बीज, 40 से 50 प्रतिशत डीजल, 25 से 30 प्रतिशत पानी एवं 60 से 70 प्रतिशत समय की बचत होती हैं। इस मशीन से सूरजमुखी एवं अलसी के अलावा धान, गेंहू, मक्का, चना, मटर, मूंग, उड़द, अरहर, मूंगफली, मसूर, सरसों के साथ-साथ दानेदार उर्वरकों की उचित गहराई व दूरी पर बुवाई की जा सकती हैं।

केन्द्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक अनिल कुमार ठाकुर ने मौसम से संबंधित जानकारी किसानों को दी, ताकि कृषि कार्य समय पर किया जा सके। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने जैविक खाद का उपयोग करने, मिट्टी की जांच कराने, फसलों को कीट प्रकोप से बचाने एवं कृषि में उपयोग होने वाले अन्य उन्नत कृषि यंत्रों के बारे में भी किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र के सहायक कर्मचारी विनोद पांडे सहित कृषकगण उपस्थित थे।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी




यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हर्बल गार्डन हो रहा तैयार

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदापाखा में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. केवी गोपाल के मार्गदर्शन में आयुष कायाकल्प के तहत हर्बल गार्डन में 108 फीट का लंबा क्यारियों का निर्माण जनप्रतिनिधियों से सामग्री की व्यवस्था एवं मजदूरों की राशि बीएसएफ कोदापाखा के कमांडेंट राकेश पांडे के द्वारा राशि 5000 रुपए से निर्माण कार्य पूरा हुआ। हर्बल गार्डन का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण केवल आधे क्षेत्र में ही क्यारियों का निर्माण संभव है, अभी बचा 190 फीट लंबा क्यारियों का निर्माण जन प्रतिनिधियों के सहयोग से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### मानसिक रोगी ने फांसी लगा दी जान

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत बड़पारा निवासी 25 वर्षीय राजुनाग पिता स्व. शंशीलाल ने 11 जनवरी को दोपहर 1 बजें अपने घर में फांसी गलाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति सही नही था। बैगा व पुजारी के पास ईलाज चल रहा था। दरवाजे के संकल से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सरोना कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**कांकेर।** शासकीय महाविद्यालय सरोना में युवा शक्ति के प्रतीक स्वामी विवेकानन्द के जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। वाणिज्य परिषद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता, व्याखन एवं स्वामी विवेकानन्द के संदेशों को छात्र- छात्राओं तक पहुँचाने का माध्यम बना। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानन्द के प्रतीक स्टैच्यू ऑफ नॉलेज के समक्ष माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुरूआत किया। छात्र- छात्राओं को देश का निर्माणकर्ता बताते हुए निरंतर भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस अधिकारी प्रो. एसके मरकाम द्वारा स्वयं सेवको के माध्यम से महाविद्यालय परिक्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया गया। वाणिज्य परिषद एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष ने आदर्शों का परिपालन कर स्थानीय स्तर पर सशक्त समाज के निर्माण एवं बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ह्रदय रोग से पीड़ित महिला के उपचार के लिए पार्षद की पहल

**जगदलपुर।** गंगानगर वार्ड पार्षद राजेश राय को जब जानकारी दी गई कि वार्ड की एक महिला ह्रदय रोग से पीड़ित है, जिनका उपचार एम्स में चल रहा है। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने से उपचार में समस्या आ रही है। उन्होंने तत्काल परिजनों से सपंर्क कर पीड़ति सरिता सिंह जिनका उपचार नई दिल्ली एम्स में चल रहा है उनके निवास पहुंच अंत्योदय कार्ड सौंपा। कार्ड के बन जाने से अब उन्हें 10 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिल पाएगी।

### विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़ावाल के नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम शिक्षा के अंतर्गत मिडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के छात्रों को अंजलि फ्लैक्स प्रिंटिंग ले जाया गया। जहां संस्था प्रमुख स्वापनिल खेडुलकर ने फ्लैक्स एवं डिजीटल प्रिंटिंग की जानकारी दी।

## बैठक : एसडीएम और तहसीलदार ने दिए आवश्यक निर्देश

# मतदाता सूची पुनरीक्षण तिथियों पर बीएलओ सुपरवाइजर की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अभियान को लेकर 07 जनवरी से 21 जनवरी को विशेष अभियान की तिथियों के संदर्भ में 62 बीएलओ व 6 सुपरवाइजर की बैठक सद्भावना भवन दुर्गुकोंदल में एसडीएम आस्था राजपूत व तहसीलदार उमाकान्त जायसवाल एवं निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर ने बैठक लिया।

रिटर्निंग ऑफिसर आस्था राजपूत ने कहा कि फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एकीकृत फोटो युक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 06 जनवरी को करते हुए 08 फरवरी 2024 को अंतिम प्रकाशन किया जाना है। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा 06 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी। इसलिए मतदाता अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है, वह बीएलओ से सम्पर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति पूर्व से बने हुए ईपिक कार्ड में कोई संशोधन करवाना चाहता है तो वह फॉर्म नंबर 8 में आवेदन कर अपना नाम संशोधित करवा सकते हैं। यदि कोई नवविवाहित महिला विवाह पश्चात अपना नाम शिफ्ट करवाना चाहती है तो वह फॉर्म 08 में आवेदन कर अपना नाम मतदाता सूची में शिफ्ट करवा सकती है। दावे आपत्तियां अवधि दौरान युवा पंजीकरण शत प्रतिशत करने तथा मृत, स्थानान्तरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपन करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए आपकी एवं आपके बीएलए की सहायता अपेक्षित है। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष अभियान आयोजित किए जाएंगे। इसमें बीएलओ व अविहित अधिकारी मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आक्षेप प्राप्त करेंगे। इस दौरान विशेष योग्यजन मतदाताओं को चिन्हित करते हुए विवाहित युवतियां का भी शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाना होगा है। 20 जनवरी को मतदाता सूचियों का ग्राम सभा व वार्ड सभाओं में पठन एवं सत्यापन किया जाएगा।

21 जनवरी को राजनैतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं के साथ दावे एवं आपत्तियों के आवेदन पत्र प्राप्त करने की विशेष तिथि रहेगी। 2 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 6 फरवरी तक हेल्थ पेरामीटरों की जांच एवं अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति व डेटा बेस का अद्यतन करना एवं पूरक का मुद्रण कार्य होगा तथा 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा एवं समस्त सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि किसी भी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से ना छूटे इसका विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही पीएससी व डीएससी जैसी अशुद्धियों पर कार्य करते हुए शुद्ध मतदाता सूची का निर्माण किया जाए। इस अवसर पर सुपरवाइजर बाबूलाल कोमरे, संजय वस्त्रकार, रमन लाल पिस्दा, हेमंत श्रीवास्तव, टोमन ठाकुर, मनीष गौतम, लेखा सहायक नारद नायक, खिलेष जैन, अन्नू दुग्गा समस्त बीएलओ उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिनी विशेष शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शाउमा विद्यालय आमाकड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम महेन्द्रपुर के ग्राम पंचायत राऊरवाही में आयोजित किया गया था। सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 9 जनवरी को मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विजय पटेल ने कहा की युवा ही देश का भविष्य हैं। देश की दशा और दिशा के निर्धारण का मार युवाओ पर है, उन्होने गांव, क्षेत्र, प्रदेश स्वं देश के विकास के लिए शिक्षा एवं विद्यार्थी जीवन के विभिन्न पहलुओ पर विस्तृत चर्चा एवं प्रेरणा दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने कहा कि क्षेत्र विकास के लिए हमे गाँव एवं जनमानस की समस्याओ को समझना होगा समस्याओं की समस हमारे विकास की अवधारणा को साकार करती है और राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्वपूर्ण योगदान व अहम भुमिका है। युवा ही देश की के विकास और उन्नति में योगदान दे सकते है।

कार्यक्रम में अध्यक्षता राधिका नरेटी सरपंच-राऊरवाही, विशिष्ट अतिथि रामचंद कल्लो सरपंच हानपतरी, कृष्ण कुमार दुग्गा सरपंच चिहरो, ग्राम गायता दया राम नरेटी, नरसिंह उयका, रत्तीराम जैन, मंशा राम उयका पंचम नरेटी, विष्णु जैन, नाथु राम नरेटी, रमसु नरेटी, रामसिंह सलाम, समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह महेन्द्रपुर एनएसएस संरक्षक प्राचार्य पीएल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार रावटे, सहा कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर, ललित नरेटी, दीनदयाल ढ़ाले, इंद्रेश कुमार मरावी, सत्यनारायण दुबे आदि उपस्थित रहे।

## आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में होता है ऊर्जा संचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित पकवान व्यंजन आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के विज्ञान मॉडल तैयार किया किया। कई बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ के जरिए बहुत सारी मशीनों का निर्माण किया, जिसका दैनिक जीवन में उपयोग किया जाना है।

कार्यक्रम में आए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार का प्रदर्शनी स्कूल में आयोजित होने से बच्चों में ऊर्जा का संचार होता है। वे विज्ञान के नई-नई तकनीक को सीखते है। आनंद मेला में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए थे, जिसे आए हुए अतिथियों एवं पालकगण द्वारा व्यंजन का स्वाद चखा गया। बच्चो ने इससे अच्छा आमदनी प्राप्त किया। आगे चलकर इस प्रकार के बिजनेस को अच्छे से संचालित करने में सक्षम रहेगें।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत सरोना के उपसरपंच पुष्कर साहू, शाला समिति के अध्यक्ष राजकुमार नाग, युवा नेता फैजल मेमन, मोहन नेताम, रतन बघेल, समस्त शाला प्रबंधन व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती नशाखोरी पर दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक व प्राथमिक स्कूल बालक आश्रम मंगहूर में स्वामी विवेकानंद के जन्म उत्सव को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में माल्यार्पण के साथ पूजा अर्चना किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ विभाग के चिकित्सकों द्वारा तंबाकू सेवन न करने संबंधित विभिन्न जानकारी दिया गया, जिसमें चिरायु टीम से डॉ. मुकेश साहू ने तम्बाकू सेवन से मुंह मे होने वाले कैंसर के बारे में जानकारी दिया। संस्था के प्राचार्य हीरा लाल करंगा के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर जानकारी दिया एवं अपने घरों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने पालकों को तम्बाकू जैसे मादक पदार्थों के सेवन से वर्जित रहने सुझाव दिया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक संतोष राठौर, दुर्गाप्रसाद साहू, अशोक बेलसरिया, राकेश पद्माकर, राकेश राय, जीविता हिडामें, सरस्वती नेगी, सुलोचना रावटे एवं स्कूली बच्चे और चिरायु टीम उपस्थित रहे।

## आयोध्या में श्री रामलला होंगे विराजित स्वागत में उत्सव मनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष एवं युवा शक्ति समाज सेवी संस्था चारामा के संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को सनातनी गर्व बताते हुए सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने का निवेदन किया है।

नगर पंचायत चारामा पार्षद नरेन्द्र यादव द्वारा प्रदत्त सेवा रथ पर प्रभात फेरी रामभक्तों द्वारा नगर के सभी मोहल्ले तक पहुंच रहें हैं। 500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंने को भव्य रुप से त्यौहार मनाने का संदेश दे रही है। ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी सनातनी से अपील कर रही है कि यह दिन हमारे लिए दीपावली पर्व जैसे होगी अपने घर के सामने मुख्य द्वार पर दिया प्रज्ज्वलित करना है और प्रत्येक मंदिर को सजाकर विधिविधान से पूजा संपन्न करना है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश विदेश के मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। राम मंदिर उद्घाटन के लिए पूरी अयोध्या नगरी ही नहीं देश विदेश में भी धार्मिक स्थलों पर तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 5 लाख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा, ताकि बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक इस ऐतिहासिक पल को साक्षी बन सकें। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त है। नई मूर्ति 5 साल के बालक स्वरूप में कमल पर विराजित होगी, जिसकी लंबाई 8 फीट है एवं यह मूर्ति श्यामवर्ण होगी। नई मूर्ति के साथ पुरानी श्रीराम की मूर्तियों को भी स्थापित किया जाएगा।

■ नगर पंचायत चारामा के पार्षद नरेन्द्र यादव द्वारा प्रदत्त सेवा रथ पर प्रभात फेरी

राम मंदिर को भारतीय परंपरागत नागर शैली में बनाया गया है, मंदिर में पूर्व दिशा से प्रवेश करने पर 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से आएगा। तीन मंजिला बने राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह होगा। मंदिर में 5 मंडप होंगे जोकि नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंड होगा। सभी सनातनी को यह आयोजन सफल बनाने में योगदान देने ग्राम एवं नगर में हर दिन दिवाली का माहौल बनाएं रखने का निवेदन किया है।

## शासकीय की योजनाओं का लाभ देने घर-घर दस्तक दे रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शासन की योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाती है जब उनकी पहुंच और क्रियान्वयन सबसे निचले स्तर पर सुनिश्चित हो। प्रदेश में निवासरत पांच विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक कमार है, जिसमें अभी भी शिक्षा और जागरूकता का अभाव है। अपनी लोक संस्कृति और पारम्परिक विरासत व मूल्यों के साथ जीवन-यापन करने वाली यह जनजाति कई मायनों में आज भी पिछड़ी हुई है। जिले के नरहरपुर ब्लॉक के 13 ग्रामों में इस जनजाति के 72 परिवार निवासरत हैं, जिनकी जनसंख्या 283 है। इन्हीं में से एक ग्राम मावलीपारा में कमार जनजाति की बहुलता है, लेकिन शासन की योजनाओं का लाभ लेने के मामले में इनकी बात औरों से जुदा है। पेशे से बांस की टोकरी और दैनंदिनी के अन्य पारम्परिक सामान बनाकर बेचने वाली यह जनजाति भी शासन की योजनाओं का लाभ लेने में पीछे नहीं है। प्रायः कमार जनजाति के लोग घुमंतू और खानाबदोश प्रवृत्ति के होते हैं लेकिन यहां के कमारजन जो प्रायः घासफूस, खदर और मिट्टी से निर्मित अस्थायी घरों में रहते थे, उनको एक तरह से स्थायित्व मिल गया है, क्योंकि स्थायी ठौर के तौर पर अब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्के आवास मिल चुके हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार लोगों को इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि पक्के मकान मिलने से स्थायी तौर पर निवास करने में उनमें रुचि पैदा हुई। परिणामस्वरूप, ये अब घर छोड़कर कहीं जाने के मूड में नहीं हैं। एक तरह से उनकी घुमंतू व खानाबदोशी जीवन शैली पर विराम लग गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने के साथ ही उन्हें यह भी समझाइश दी गई कि शासन की और भी योजनाओं का लाभ लेने उन्हें स्थायी रूप से रहने पर राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जरूरी कागज़ात बनाने की ज़रूरत पड़ेगी। यह बात उनकी समझ में आ गई। इस पर अमल करते हुए ग्राम मावलीपारा में निवासरत सभी 16 परिवार यहां के स्थायी निवासी बन गए और जरूरी दस्तावेज बनवाकर अब वे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। चाहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हो, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड हो या प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत रसोई गैस कनेक्शन हो अथवा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वसहायता समूह का निर्माण हो।

## आत्मानंद स्कूल में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**दुर्गुकोंदल।** विकासखड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। प्राचार्य एसडी दास, शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में दीप प्रज्वलंन कर पूजन अर्चना किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती पर सभी विद्यार्थियों के द्वारा लाए गए पोस्टर, निबंध और कहे गए अनमोल वचन की बच्चों ने प्रस्तुती दिया। जैसे उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता, विश्व एक व्यायाम शाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जयंती पर कहा की स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए।

## विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ .कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को बताया गया एवं विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्रों के लिए यूथ इंपावरमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवा अपनी शक्तियों का विकास कर अपना अच्छा कैरियर बनाते हुए समाज की सेवा में अपने जीवन को लगा देने का शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त करते है। यूथ इंपावरमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम के दौरान उन्हे नैतिक शिक्षा, सामाजिक सेवा, कैरियर गाइडेंस, शारीरिक शिक्षा, लोक संगीत की शिक्षा, नृत्य की शिक्षा एवं कोआपरेटिव शिक्षा ग्रहण करते है। पैराडाइज स्कूल हमारे देश के युवाओं को उत्कृष्ट मानव संसाधन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर इंग्लिश स्पीच राबिया फातिमा द्वारा, हिन्दी स्पीच हिमांश्री सिन्हा द्वारा, हिन्दी व इंग्लिश में स्वामी विवेकानंद स्लोगन अवनी यादव, आकांक्षा ठाकुर, अनीएनजल आंनद, माहिरा खान, प्रेरणा यादव, योगिता खेलन, पिहू हिरदानी, ओमप्रकाश किशन, मान्यता पटेल, करूणावासिनी मण्डावी एवं जीके का क्वेश्चन लिपी बोरकर द्वारा बोला गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन व कार्यो पर प्रश्नउत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के युवाओं को उत्कृष्ट मानव संसाधन एवं आदर्श नागरिक बनाने के विभिन्न क्रिया कलापों का आयोजन करवाने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## भारत संकल्प यात्रा शिविर 16 गांवों में लगाया जाएगा

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज 13 जनवरी को जिले के 16 गांव में शिविर लगाई जाएगी। इस दौरान उक्त ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन के माध्यम से ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा।

शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी अपने अनुभव भी साझा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोड़बिनापाल एवं बोंदानार, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत नारायणपुर एवं जातावाड़ा, चारामा के ग्राम पंचायत खैरखेड़ा एवं लखनपुरी, दुर्गुकोंदल के करकापाल एवं हामतवाही, कांकेर विकासखण्ड के मोहपुर एवं दसपुर, कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत जयश्रीनगर, वनश्रीनगर, यशवंतनगर एवं विजयनगर तथा नरहरपुर के ग्राम पंचायत थानाबोड़ी एवं नावडबरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित की जाएगी।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र कांकेर
जिला के अंतर्गत पंखाजूर, बांदे, संगम, गोडांहर, बारदा, छोटेबेटिया, मरोड़ा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, कांकेर
महुरबंध पारा ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 7000955574, 8817702271
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969




